


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 104 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 06 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# कांग्रेस के 'न्याय-पत्र' में 'मुस्लिम लीग' की छाप : नरेन्द्र मोदी

## सहारनपुर में की चुनावी रैली, गाजियाबाद में शाम को रोड शो




**सहारनपुर (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए आज प्रधानमंत्री ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले से चुनावी रैली का आगाज किया। इस रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने कामों से देश की छवि दुनिया में खराब की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र पर भी बड़ा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस के न्याय-पत्र में मुस्लिम लीग की छाप है। आज पीएम मोदी सहारनपुर के बाद राजस्थान के अजमेर में रैली करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शाम 5 बजे एक रोड शो भी करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहारनपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दल शक्ति के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि शक्ति का नाश करने वालों का क्या हाल हुआ ये पुराणों में अंकित है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में आज भारत का डंका बज रहा है। अमेरिका में भी भारत का डंका बज रहा है। भारत पांचवीं बड़ी आर्थिक ताकत है। हमारे लिए देश से बड़ा कुछ नहीं। हमने मेहनत में (शेष पृष्ठ-4 पर)

# दिल्ली में नवजात बच्चों को बेचने वाले रैकेट का पर्दाफाश

## सीबीआई की रेड में 8 बच्चे रेस्क्यू, अस्पतालों से चुराते थे नवजात बच्चे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त के बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। मानव तस्करी के मामले में दिल्ली के केशव पुरम इलाके में सीबीआई की रेड जारी है। शुक्रवार से ही यहां सीबीआई की टीम छापेमारी कर रही है। रेड के दौरान सीबीआई की टीम ने एक घर से दो नवजात शिशु को बरामद किया है। अभी तक 7-8 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है।

शुरुआती जांच में मामला नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त का लग रहा है. फिलहाल सीबीआई की टीम इस मामले में बच्चों को बेचने वाली महिला और खरीदने वाले व्यक्ति से पूछताछ भी कर रही है. रेड के दौरान केशव पुरम थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद है. बताया जा रहा है कि मानव तस्करी करने वाले इस गैंग के लोग अस्पताल से नवजात बच्चों की चोरी करते थे।

चाइल्ड ट्रैफिकिंग के इस मामले में सीबीआई ने 7-8 बच्चों को रेस्क्यू करके खरीद फरोख्त करने वाले कुछ लोगों को दिल्ली-एनसीआर से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए लोगों में अस्पताल के वार्ड बॉय समेत कुछ महिला और पुरुष शामिल हैं। इस बड़े रैकेट के खुलासे के बाद दिल्ली के कई सरकारी व निजी अस्पताल सीबीआई व दिल्ली पुलिस की रडार पर है।

# आग के शोलों में घिरे 16 अनाथ बच्चे, फायर पुलिस ने बचाया




**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में स्थित एक अनाथालय में आग लगने की घटना सामने आई है। अनाथालय में आग लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने अनाथायल में रह रहे बच्चों को बाहर निकाला। उसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया। देर रात लगी आग में 16 बच्चे आग के शोलों में घिर गए थे।

नोएडा के सेक्टर-26 स्थित रामकृष्ण विवेकानंद मिशन अनाथालय की बिल्डिग में समान रखने के गोदाम में देर रात दो बजे के करीब अचानक आग लग गई। उस समय अनाथ आश्रम में 16 बच्चे और (शेष पृष्ठ-4 पर)

# चाय की ठेली लगाने वाले से मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** बॉटेनिकल गार्डन बस स्टैंड के पास चाय की ठेली लगाने वाले एक व्यक्ति से मारपीट का मामला सामने आया है। ठेली लगाने वाले पर 4-5 लोगों ने हमला किया जिससे उसे व उसके भाई को गंभीर चोटें आई हैं। थाना सेक्टर-39 में राजू चौरसिया पुत्र शंभू चौरसिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बॉटेनिकल गार्डन बस स्टैंड के पास चाय की ठेली लगाता है। उसकी ठेली के पास ही निखिल हलधर निवासी हरिजन बस्ती अंबेडकर विहार सेक्टर-37 भी चाय की ठेली लगता है। राजू चौरसिया ने बताया कि 4 अप्रैल को दुकान बंद करने के बाद वह अपने भाई नितिन चौरसिया के साथ घर जा रहा था जैसे ही दोनों ट्रैफिक्क पुलिस बूथ के पास पहुंचे तभी निखिल हलधर (शेष पृष्ठ-4 पर)



# क्रूरता : डॉगी को घेर कर मार डाला, फिर बोरे में बंद करके फेंका

गाजियाबाद। नोएडा के पास स्थित गाजियाबाद की एक पॉश सोसाइटी में रहने वाले सभ्य लोगों का क्रूर चेहरा सामने आया है। राजनगर एक्सटेंशन की केडीपी ग्रैंड सवाना सोसाइटी के गार्डों व आरडब्ल्यू के सदस्यों ने सोसाइटी में आवारा डॉगी को घेर कर लाठी डंडों से पीटा फिर मरे हुए डॉगी को बोरे में बंद कर फेंक दिया। सोसाइटी के गार्डों व आरडब्ल्यू के सदस्यों की इस क्रूरता का वीडियो वायरल होने के बाद थाना नंदग्राम में एफआईआर दर्ज की गई है।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 4 अप्रैल को एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में केडीपी ग्रैंड सवाना सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन नंदग्राम में तैनात गार्ड व आरडब्ल्यू के सदस्य सोसायटी में घूम रहे आवारा डॉगी के पीछे लाठी डंडे लेकर दौड़ रहे थे और उन्हें लाठी डंडों से मार रहे है। वीडियो में सोसाइटी के एक कोने पर बोर में बंद मृत डॉगी भी दिख रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के (शेष पृष्ठ-4 पर)

## क्राइम फाईल

### मोबाइल चुराकर पेटीएम से निकाली नकदी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में चोरों ने एक व्यक्ति के घर से तीन मोबाइल फोन व 25 हजार रुपए चोरी कर लिए। चोरी के मोबाइल से चोरों ने पेटीएम के जरिए 18 हजार रुपए निकाल लिए। जितेंद्र कॉलोनी बहलोलपुर में रहने वाले अमित कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 फरवरी की रात्रि में अज्ञात चोर ने उनके घर से तीन मोबाइल फोन,25 हजार रुपए चोरी कर लिए। उसने नया मोबाइल खरीद कर जब अपना फोन पर पेटीएम चेक किया तो पता चला कि चोरों (शेष पृष्ठ-4 पर)



### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 10 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान आरवी नॉर्थ लैंड तिराहे के पास पुलिस टीम को देखकर ने एक युवक भाग निकला।संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने युवक को जांच के लिए रोका। युवक के बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 10 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ पूछताछ में पकड़े गए गांजा तस्कर ने अपना नाम समीर पुत्र अजमत निवासी नई सीमापुरी दिल्ली बताया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह निर्माणाधीन साइटों पर मजदूर व युवाओं को गांजे की बिक्री करता है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कार्यालय में पेश किया गया है।

# एल्विश यादव के खिलाफ 1200 पन्नों की दाखिल हुई चार्जशीट



**नोएडा (चेतना मंच)।** जेल से जमानत मिलने के बाद भी यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। हाल ही में एल्विश यादव के खिलाफ चल रहे सांपों के जहर की तस्करी के मामले में उत्तर प्रदेश की नोएडा पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर कोर्ट में दाखिल चार्जशीट 1200 पन्नों की हो, जिसमें 24 गवाहों के बयान भी अटैच किए गए हैं। साथ ही इस मामले में एल्विश यादव के साथ कुल 8 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दर्ज की गई है। दर्ज की गई इस चार्जशीट में एल्विश यादव के संपर्क सपेरों के साथ होने की बात भी कही गई है। जिसके सबूत भी पुलिस के पास है।

इसके अलावा एल्विश यादव के खिलाफ देशभर में दर्ज सभी मामलों के बारे में नोएडा और गुरुग्राम पुलिस जानकारी जुटा रही है। वहीं कोर्ट में दाखिल की गई चार्जशीट में पुलिस ने बताया है कि एल्विश यादव कई सपेरों के संपर्क में था और उनसे सांपों का जहर खरीदने और बेचने का कामों में भी (शेष पृष्ठ-4 पर)

# नोएडा में 8 सालों से छुपा हुआ था करनाल जेल से फरार कैदी

**नोएडा (चेतना मंच)।** हत्या, बलात्कार और डकैती के मामले में हरियाणा के करनाल जेल में सजा काट रहा एक कैदी पैरोल पर छूटने के बाद फरार हो गया। यह शातिर अपराधी नोएडा में भेष बदलकर रह रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इस शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सूरजपुर तथा एसटीएफ फील्ड यूनिट ने हरियाणा के एक शातिर किस्म के अपराधी



को नोएडा से गिरफ्तार किया है। हरियाणा के जनपद कैथल से कई मुकदमों में सजा काट रहा आजम उर्फ गुल्लू पुत्र बाबू खां भेष बदलकर नोएडा में छुपा हुआ था। इसकी सूचना पर नोएडा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक फर्जी आधार कार्ड, तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार किया गया अपराधी सेशन जज कुरूक्षेत्र के आदेश पर आजीवन कारावास की सजा करनाल की जिला जेल में काट रहा था। उसे वर्ष-2016 में 4 सप्ताह की पैरोल मिली थी। लेकिन पैरोल मिलने के बाद वह फरार हो गया। उसकी फरारी के संबंध में थाना बूटाना जनपद करनाल में मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

# मुख्तार के परिवार से मिलने जाएंगे अखिलेश यादव

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, मरहूम मुख्तार अंसारी के परिवार से मिलने गाजीपुर जाएंगे। जानकारी के मुताबिक वो रविवार को करीब 1 बजे हेलीकॉप्टर से गाजीपुर पहुंचकर मुख्तार



अंसारी को श्रद्धांजलि देंगे। अखिलेश पहले लखनऊ से वाराणसी जाएंगे और फिर वहां से गाजीपुर के लिए रवाना होंगे। वहीं राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी के नेता ने मुख्तार अंसारी के हमदर्दी में पोस्टर लगवाए हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# नोएडा में बेहद दुःखी हैं सपा के नेता व अनुयाई, एक तरफकुआं, दूसरी तरफखाई

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा से लेकर खुर्जा तक फैले हुए गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता बेहद दु:खी हैं। केवल सपा के नेता ही दु:खी नहीं है। बल्कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर) में सपा के अनुयाई भी दु:खी हैं। नोएडा के सपाई तथा अनुयाई अपने एक तरफ कुआं तो दूसरी तरफ खाई देख रहे हैं। नोएडा में सपा का यह हाल नोएडा सीट पर चुनाव लड़ रहे सपा के प्रत्याशी डा. महेन्द्र नागर के कारण हुआ है।

भारत की राजधानी दिल्ली से सटे हुए नोएडा शहर से लेकर खुर्जा तक गौतमबुद्धनगर लोकसभा की सीट फैली हुई है। पूरे देश की प्रमुख लोकसभा सीट मानी जाने वाली नोएडा सीट पर समाजवादी पार्टी (सपा) तथा कांग्रेस के गठबंधन ने पुराने कांग्रेसी डा. महेन्द्र सिंह नागर को अपना प्रत्याशी बनाया है। डा. महेन्द्र नागर को प्रत्याशी बनवाने में सपा के कुछ प्रमुख नेताओं का हाथ रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)




## अनुयाई हुए दुःखी तथा निराश

नोएडा सीट पर सपा तथा कांग्रेस के समर्थकों (अनुयाईयों) की अच्छी खासी तादाद है। नोएडा लोकसभा सीट (गौतमबुद्धनगर) सीट पर सपा हमेशा से मजबूती से चुनाव लड़ती रही है। इस बार खेल बिल्कुल उलटा नजर आ रहा है। सपा के अनुयाई बोल रहे हैं कि चुनाव चल रहा है किन्तु उनकी पार्टी का प्रत्याशी मानो चुनावी मैदान से नदारद है। नोएडा शहर में रहने वाले एक पुराने सपा समर्थक ने कहा कि हमें तो लग रहा है कि हमारी पार्टी सपा का प्रत्याशी तो जैसे गांव की प्रधानी अथवा नगर पालिका का चुनाव लड़ रहा है। हमारा प्रत्याशी तो पूरे नोएडा क्षेत्र को छोड़कर केवल अपने गांव मिल्क लच्छी के आसपास ही सिमट कर रह गया है। सपा के समर्थक (अनुयाई) अब एक तरफ कुआं तथा दूसरी तरफ खाई वाली स्थिति में फंस गए हैं। वें यदि सपा प्रत्याशी के साथ रहते हैं तो उन्हें प्रत्याशी में जरा भी दम नजर नहीं आ रहा है। प्रत्याशी को छोड़ते हैं तो पार्टी से गददारी का ठप्पा लगता है। इस प्रकार दुःखी मन से सपा के नेता तथा अनुयाई अपने-अपने घरों में बैठकर सपा के प्रत्याशी डा. महेन्द्र नागर का इंतजार कर रहे हैं। वें सोच रहे हैं कि शायद सपा प्रत्याशी को कुछ सद्‌बुद्धि आ जाए वें पूरे क्षेत्र में चुनावी माहौल बनाकर समाजवादी पार्टी की इज्जत को बचा लें।

हमारी पूरी निगाह नोएडा से लेकर खुर्जा तक गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर टिकी हुई हैं। हम आपको अपडेट करते रहेंगे।



## अधूरी शिक्षा

देश में शिक्षा की सूरत में सुधार के लिए समय-समय पर की जाने वाली तमाम कवायदों के बावजूद हालत यह है कि बहुत सारे बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं। खासतौर पर जब किसी राज्य में संसाधनों की कमी न हो, फिर भी बहुत सारे बच्चे स्कूली पढ़ाई बीच में ही छोड़ रहे हों तो यह सोचने की जरूरत है कि नीतियां बनाने और उन्हें अमल में लाने के तौर-तरीकों में क्या खामी है। गौरतलब है कि हरियाणा में जब वर्ष 2023-24 में वार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर विद्यार्थियों के आंकड़ों को अद्यतन किया गया तो यह दुखद तस्वीर सामने आई कि राज्य के सभी राजकीय स्कूलों में कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक में पढ़ने वाले चार लाख चौंसठ हजार बच्चों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। अगर इन बच्चों ने पुराने स्कूल को छोड़ने के बाद कहीं और दाखिला नहीं लिया, तो जाहिर है कि उनके पास कोई रास्ता नहीं बचा था। ऐसे बच्चे आमतौर पर अभावों से जूझ रहे परिवारों से आते हैं। यह छिपा नहीं है कि वंचित तबकों के बच्चे कितनी जद्दोजहद से गुजर कर स्कूल के परिसर में शिक्षा हासिल करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में अगर राजकीय स्कूलों से इतनी बड़ी तादाद में बच्चे बाहर निकल कर जीवन चलाने के लिए कोई अन्य रास्ता अख्तियार कर रहे हैं तो यह एक अफसोसनाक तस्वीर है। सवाल है कि किसी भी वजह से अगर इतनी भारी संख्या में बच्चे स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर हो रहे हैं तो इसकी जिम्मेदारी किस पर आती है! बीते कई दशक में सबसे ज्यादा जोर इस बात पर रहा है कि दूरदराज तक में स्थित ग्रामीण इलाकों में रहने वाले परिवारों के ज्यादा से ज्यादा बच्चों को स्कूलों में दाखिला कराया जाए। इसका असर भी देखने में आया था। मगर अब आर्थिक और अन्य परिस्थितियों की वजह से अगर बच्चे स्कूली पढ़ाई बीच में छोड़ रहे हैं तो एक तरह से यह समूचे सरकारी तंत्र की विफलता है। इसमें विकास में असंतुलन की वजह से एक ऐसा सामाजिक तबका खुद को इस बात के लिए लाचार पा रहा है कि वह अपने बच्चों को स्कूल में बिना बाधा के पढ़ा-लिखा सके।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि बिना पुण्य के क्या पवित्र यश (प्राप्त) हो सकता है? बिना पाप के भी क्या कोई अपयश पा सकता है? जिसकी महिमा वेद, संत और पुराण गाते हैं और उस हरि भक्ति के समान क्या कोई दूसरा लाभ भी है?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**हानि कि जग एहि सम किछु भाई। भजिअ न रामहि नर तनु पाई॥**
**अघ कि पिसुनता सम कछु आना। धर्म कि दया सरिस हरिजाना॥**
हे भाई! जगत में क्या इसके समान दूसरी भी कोई हानि है कि मनुष्य का शरीर पाकर भी श्री रामजी का भजन न किया जाए? चुगलखोरी के समान क्या कोई दूसरा पाप है? और हे गरुड़जी! दया के समान क्या कोई दूसरा धर्म है?॥
**एहि बिधि अमिति जुगुति मन गुनऊँ। मुनि उपदेस न सादर सुनउँ॥**
**पुनि पुनि सगुन पच्छ मैं रोपा। तब मुनि बोलेउ बचन सकोपा॥**
इस प्रकार मैं अनगिनत युक्तियाँ मन में विचारता था और आदर के साथ मुनि का उपदेश नहीं सुनता था। जब मैंने बार-बार सगुण का पक्ष स्थापित किया, तब मुनि क्रोधयुक्त वचन बोले-॥
**मूढ़ परम सिख देउँ न मानसि। उत्तर प्रतिउत्तर बहु आनसि॥**
**सत्य बचन बिस्वास न करही। बायस इव सबही ते डरही॥**
अरे मूढ़! मैं तुझे सर्वोत्तम शिक्षा देता हूँ, तो भी तू उसे नहीं मानता और बहुत से उत्तर-प्रत्युत्तर (दलीलें) लाकर रखता है। मेरे सत्य वचन पर विश्वास नहीं करता। कौए की भाँति सभी से डरता है॥
**सठ स्वपच्छ तव हृदयँ बिसाला। सपदि होहि पच्छी चंडाला॥**
**लीन्ह श्राप मैं सीस चढ़ाई। नहिं कछु भय न दीनता आई॥8॥**
अरे मूर्ख! तेरे हृदय में अपने पक्ष का बड़ा भारी हठ है, अतः तू शीघ्र चाण्डाल पक्षी (कौआ) हो जा। मैंने आनंद के साथ मुनि के शाप को सिर पर चढ़ा लिया। उससे मुझे न कुछ भय हुआ, न दीनता ही आई॥
**दो0- तुरत भयउँ मैं काग तब पुनि मुनि पद सिरु नाइ।**
**सुमिरि राम रघुबंस मनि हरषित चलेउँ उड़ाइ॥**
तब मैं तुरंत ही कौआ हो गया। फिर मुनि के चरणों में सिर नवाकर और रघुकुल शिरोमणि श्री रामजी का स्मरण करके मैं हर्षित होकर उड़ चला॥

**(क्रमशः....)**

# अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के

कहते हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते।

बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी।

इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है।

कहा जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं। इसका पता तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद ही लग पाएगा। फिलहाल तो पशुपति पारस ना घर के रहे ना घाट के रहे वाली स्थिति में है।

खुद को सन ऑफ मल्लाह कहलाने वाले



**बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे।**

विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है। कभी मुंबई की फिल्में इंडस्ट्री में काम कर पैसे कमाने वाले मुकेश सहनी की फितरत एक जगह टिकने की नहीं रही है। वह बिहार में बड़ी राजनीति करने का सपना देखते रहते हैं। इसी चक्कर में वह अलग-अलग गठबंधनों में शामिल होकर चुनाव लड़ते रहे हैं। मगर कभी चुनाव नहीं जीत पाए हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिहार के एनडीए गठबंधन में शामिल होकर 13 सीटों पर अपनी पार्टी को चुनाव लड़वाया था और उनकी पार्टी के चार विधायक जीते थे। उनका स्वयं को भी नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था। मगर अपनी फितरत के मुताबिक वह अधिक समय तक गठबंधन में नहीं टिक पाए। तब भाजपा ने उनके विधायकों को तोड़ लिया और वह अकेले रह गए। अब उनका विधान परिषद का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के एनडीए व लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मगर उनके मांग पत्र व सीटों की संख्या देखकर किसी भी गठबंधन ने उनसे तालमेल करना मुनासिब नहीं समझा। दोनों ही गठबंधन उन्हें बातों में उलझाए रखा और अंत में किसी ने भी उनके साथ तालमेल नहीं किया। आज मुकेश सहनी यदि लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें अपने ही दम पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा।

पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव किसी समय बिहार में चर्चित युवा नेता होते थे। कम उम्र में ही कई बार सांसद, विधायक बनने वाले पप्पू यादव की बाहुबली वाली छवि के चलते उन्हें चुनाव जीतने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। एक समय उन्होंने शरद यादव जैसे दिग्गज नेता को भी हरा दिया था। मगर अब समय का फेर देखिए आज वही पप्पू यादव एक टिकट के लिए मारे मारे घूम रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से अपने संबंध सुधारने के लिए उनके आवास पर जाकर हाजिरी भी दे दी थी। फिर उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जाकर कांग्रेस में विलय कर दिया था।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने पूर्णिया से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू प्रसाद यादव ने पप्पू यादव को माफ नहीं किया था और उसके साथ खेला कर दिया। लालू यादव ने बिहार में सीट बंटवारे के दौरान पूर्णिया की सीट अपनी पार्टी राजद के खाते में रखकर वहां से जदयू की विधायक बीमा भारती को राजद प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके चलते पप्पू यादव का पूर्णिया से कांग्रेस प्रत्याशी नहीं बना पाई। अब पप्पू यादव ने घोषणा की है की जान चली जाएगी तब भी पूर्णिया को नहीं छोड़ेंगे और वह पूर्णिया से ही निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

पप्पू यादव के बयान पर कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उनसे कन्नी काटते हुए कहा है कि पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया है लेकिन खुद पार्टी के सदस्य नहीं बने हैं। ऐसे में वह कहीं से भी चुनाव लड़ने को स्वतंत्र है। कांग्रेस पार्टी को उनसे कोई लेना देना नहीं है। पूर्णिया से टिकट नहीं मिलने के बाद पप्पू यादव की हालात देखते ही बनती है। वह न घर के रहे ना घाट के उल्टे उनके बने बनाये समीकरण और बिगड़ गए हैं। हालांकि पिछले चुनाव में पप्पू यादव ने मधेपुरा से लोकसभा चुनाव लड़ा था। जहां उनकी जमानत जप्त हो गई थी। उन्हें मात्र 97631 यानि 8.51 प्रतिशत वोट ही मिले थे। जबकि 2014 में वह मधेपुरा से चुनाव जीते थे। मधेपुरा में पिछली बार जमानत जब्त होने के चलते पप्पू यादव इस बार पूर्णिया से चुनाव लड़ रहें हैं। पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद व पार्टी की राष्ट्रीय सचिव है। पूर्व में वह सहरसा व सुपौल से सांसद भी रह चुकी हैं। - **रमेश सर्राफ धमोरा**

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

# अन्तर्कलह से जूझ रही समाजवादी पार्टी

उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा इन दिनों अन्तर्कलह से जूझ रही है। विधानसभा चुनाव 2017 के मुकाबले 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा की ताकत तो जरूर बढ़ी लेकिन लोकसभा चुनाव आते—आते पार्टी के कई बड़े नेता व विधायक सपा का साथ छोड़ गये। पीडीए को मजबूत करने का दंभ भरने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी सपा से अपना पिंड छुड़ा लिया है। यही नहीं सपा के सहयोगी दल भी जिनमें सुभासपा, अपना दल कमेरावादी व महानदल भी एक-एक कर सपा से सरक गये। रही सही कसर लोकसभा चुनाव से ऐन पहले रालोद ने भाजपा गठबंधन का हिस्सा बनकर पूरी कर दी। ऐसे कठिन दौर में सपा के टिकट वितरण की प्रक्रिया ने आम पार्टी कार्यकर्ताओं को असमंजस में डाल दिया है।

इस बार टिकट अदला बदली के मामले में सपा ने बसपा को भी पीछे छोड़ दिया है। सपा के इतिहास में शायद यह पहला अवसर होगा जब इतने बड़े पैमाने पर सपा ने उम्मीदवारों के नाम घोषित करने के बाद टिकट बदला हो। इसे पार्टी की अंदरूनी कलह कहें यह मजबूरी इसका खामियाजा तो सपा को लोकसभा चुनाव में उठाना ही पड़ेगा। क्योकि जिसका टिकट घोषित होने के बाद पार्टी ने बदला वह प्रत्याशी भले ही विरोध न करे लेकिन उसके सजातीय वोटर जरूर विरोध में वोट करेंगे। लेकिन सीधी सी यह बात सपा मुखिया अखिलेश यादव को क्यों नहीं समझ में आती। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो अगर सपा ने टिकटों की अदला बदली न की होती और दमदारी से चुनाव लड़ती तो यूपी की दो दर्जन से अधिक सीटों पर सपा सीधे मुकाबले में रहती। बदले परिदृश्य में सपा लड़ाई से बाहर होती दिखाई दे रही है। जिस तरह से सपा ने प्रथम व दूसरे चरण के प्रत्याशियों के टिकट नामांकन के अंतिम समय में काटे हैं उससे तो यही प्रतीत होता है कि बाकी चरणों में भी सपा कई लोकसभाओं के टिकट में फेरबदल अवश्य करेगी। सपा नेतृत्व के इस कदम से प्रदेश की अन्य सीटों के घोषित पार्टी प्रत्याशी संशय में हैं। इस वजह से वह ठीक से चुनाव प्रचार भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें चिंता सता रही है कि कहीं अंतिम समय में पार्टी हमारा टिकट न काट दे। इसलिए वह क्षेत्र में जनसम्पर्क न कर लखनऊ का चक्कर लगा रहे हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिलहाल लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लगभग कर ही लिया है। वहीं सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव भी पुत्रमोह में स्वयं लोकसभा चुनाव न लड़कर बेटे आदित्य यादव को लोकसभा का चुनाव लड़ाना चाहते हैं। सपा के दोनों प्रमुख नेताओं अखिलेश व शिवपाल यादव के लोकसभा चुनाव न लड़ने से भी कार्यकर्ताओं में गलत संदेश जाना तय है। क्योंकि इससे तो यही संदेश जायेगा कि मोदी लहर में हार की डर की वजह से यह लोग चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं। वहीं कभी सपा के नीति नियंता रहे आजम खाँ व अखिलेश यादव के बीच मनमुटाव भी खुलकर सामने आ गये है। मनमुटाव दूर करने के लिए अखिलेश यादव आजम खां से मिलने सीतापुर जेल जरूर गये लेकिन बात बनी नहीं।

जिस तरह आजम खां के दबाव में एसटी हसन का टिकट काटकर रूचिवीरा को प्रत्याशी बनाया गया इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि सपा में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। दूसरे चरण का नामांकन पूरा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने धुंआंधार आक्रामक प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। वहीं सपा अभी टिकट वितरण में ही उलझी है। ओमप्रकाश राजभर, स्वामी प्रसाद मौर्य,चन्द्रशेखर आजाद व पल्लवी पटेल ने सपा से किनारा कर लिया है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में जनाधार विहीन हो चुकी कांग्रेस से कितना



फायदा होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन लोकसभा चुनाव में सपा के सफा होने के स्पष्ट संकेत अवश्य दिख रहे हैं। क्योंकि 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा व कांग्रेस के गठबंधन को जनता नकार चुकी है। इस बार फिर से वही गठबंधन जनता के सामने है। चुनाव से पहले पस्त हो चुका सपा कांग्रेस का गठबंधन यूपी में भाजपा के विजय रथ को रोक पायेगा ऐसा लगता नहीं है।

**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिलहाल लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लगभग कर ही लिया है। वहीं सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव भी पुत्रमोह में स्वयं लोकसभा चुनाव न लड़कर बेटे आदित्य यादव को लोकसभा का चुनाव लड़ाना चाहते हैं।**

सपा मुखिया की कार्यसंस्कृति को देखकर यही लगता है कि अखिलेश यादव अभी भी अपने को मुख्यमंत्री से कमतर नहीं आंकते हैं। पार्टी के जमीनी कार्यकताओं व नेताओं से न तो वह फीडबैक बैक लेते हैं और न ही वह उन्हें तवज्जो देते हैं। यही कारण है कि मुलायम सिंह यादव के खासमकास माने जाने वाले नेता आज मजबूरी में सपा को अलविदा कह चुके हैं। पार्टी के उम्रदराज नेताओं से सलाह मशविरा करना भी अखिलेश अपनी तौहीन समझते हैं। एटा, इटावा व मैनपुरी के आसपास के ही जिलों की ही अगर बात करें तो पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव, पूर्व मंत्री अवधपाल यादव,पूर्व सांसद देवेन्द्र सिंह यादव, एमएलसी आशु यादव व पूर्व विधायक शिशुपाल यादव समेत दर्जनभर नेता सपा का हाथ छोड़ चुके हैं। अखिलेश यादव जाति आधारित जनगणना का मुद्दा भी जोर शोर से उठाये लेकिन उस पर वह अडिग नहीं रह पाये। यही हाल पीडीए का भी है। स्वामी प्रसाद मौर्य, पल्लवी पटेल और चन्द्रशेखर ने पीडीए की हवा निकाल दी है। अखिलेश बात पीडीए की करते हैं लेकिन वह पीडीए को संगठित करना तो दूर बल्कि पीडीए की राजनीति करने वाले नेताओं ने भी उनसे दूरी बना ली।

सुभासपा और रालोद के राजग का हिस्सा बनने से पहले से मजबूत भाजपा अब और सशक्त हो चुकी है। अयोध्या में सपा ने इस बार पीडीए फार्मूले के तहत पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को टिकट दिया। लेकिन पूर्व सांसद मित्रसेन यादव के पुत्र आईपीएस अधिकारी रहे अरविन्द सेन यादव ने सीपीआई के टिकट से मैदान में आकर सपा प्रत्याशी की राह मुश्किल कर दी है। इससे यादव मतों में बिखराव होना तय है। ऐसे में यदि अवधेश प्रसाद का टिकट बदलते हैं तो एससी वोटर सपा से नाराज होंगे ही। कमोबेश यही स्थिति प्रदेश की अन्य कई सीटों की है।


पहले चरण के ही सात प्रत्याशियों के टिकट बदले जा चुके हैं। इसमें गौतमबुद्धनगर, मिश्रिख और मेरठ में तो कई बार परिवर्तन किये गये। पहली सूची में ही बदायूं से धर्मेन्द्र यादव को टिकट दिया गया था। गत 20 फरवरी को धर्मेन्द्र यादव के स्थान पर शिवपाल यादव को मैदान में उतार दिया। मुरादाबाद में अंतिम समय में मौजूदा सांसद डा. एसटी हसन को मैदान में उतारा और उन्होंने अपना पर्चा भी दाखिल कर दिया। नामांकन के अंतिम दिन डा. एसटी हसन के बजाय रूचि वीरा को सिंबल दे दिया गया।


मेरठ हापुड़ संसदीय क्षेत्र से सपा ने पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया। एक अप्रैल को उनका टिकट बदलकर सरधना से विधायक अतुल प्रधान को टिकट दे दिया। अतुल प्रधान ने जिस दिन नामांकन दाखिल किया उसी दिन रात में उनका टिकट काटे जाने की सूचना आ गयी। इसके बाद पार्टी ने पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। इसी तरह गौतमबुद्धनगर में पहले डा. महेन्द्र नागर को प्रत्याशी घोषित किया गया। इसके बाद इस सीट पर राहुल अवाना को उम्मीदवार बनोबेया गया। बाद में पुनः डा. महेन्द्र नागर को प्रत्याशी घोषित किया गया। वहीं मिश्रिख में भी पहले रामपाल राजवंशी, फिर उनके बेटे मनोज कुमार राजवंशी और उसके बाद उनकी बहू संगीता राजवंशी को प्रत्याशी बनाया गया। कमोबेश यही स्थिति बागपत में भी आई जहां पहले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी को उतारा गया। नामांकन के अंतिम दिन टिकट बदलकर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को दिया गया। इसी तरह बिजनौर में भी पूर्व सांसद यशवीर सिंह का टिकट काटकर दीपक सैनी को दिया गया। इसके अलावा कई अन्य सीटों पर भी प्रत्याशी बदलने की मांग को लेकर सपा कार्यकर्ता बगावत पर उतर आये हैं। इससे तो यही सिद्ध होता है कि सपा अध्यक्ष ने प्रत्याशी चयन में स्थानीय नेताओं से सलाह मशविरा नहीं किया। इस उधेड़बुन में सपा कार्यकर्ता भी उलझे हैं। आठ बार के विधायक व दो बार सांसद रहे कुंवर रेवती रमण सिंह भी सपा छोड़कर कांग्रेलस का हाथ थाम चुके हैं। वहीं सपा छोड़कर जाने वालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। - **बृजनन्दन राजू**


**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**


## राशिफल


चैत्र कृष्ण पक्ष : द्वादशी | (विक्रम संवत् 2080)



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मन भयभीत रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम रहेगी। व्यापार ठीक रहेगा।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** कोर्ट कचहरी से बचें। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यापारिक कोई नई शुरुआत न करें।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** यात्रा में कष्ट संभव है। कार्यों में विघ्न-बाधा दिख रही है। मान-प्रतिष्ठा पर आंच आ सकती है।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** स्वयं के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बहुत अच्छा समय नहीं चल रहा है।



**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** स्वास्थ्य में डिस्टरबेंस बना रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा रहेगा। व्यापार की स्थिति भी अच्छी रहेगी। लाल वस्तु का दान करें।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** मन भयभीत रहेगा। बच्चों की स्थिति को लेकर के मन परेशान रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम। प्रेम में तू-तू मैं-मैं रहेगा।


**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। घरेलू चीजों को बहुत शांत होकर निपटाएं। कोई बड़ा बवाल या झगड़ा हो सकता है।


**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** एनर्जी बढ़ेगी लेकिन यह थोड़ा नेगेटिव एनर्जी हो सकती है। अभी कोई नई व्यापारिक शुरुआत न करें।


**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** निवेश करने से बचें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। इसलिए स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा रहेगा।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** नेगेटिव पॉजिटिव दोनों एनर्जी में फंसे रहेंगे आप। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान मध्यम, व्यापार मध्यम। हरी वस्तु पास रखें।


**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** मन भयभीत रहेगा। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा परेशान करेगी। पार्टनरशिप में प्रॉब्लम के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा, प्रेम संतान मध्यम रहेगा।

# उत्सव उमंग मेला का आयोजन आज से



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत नवनिर्माण समिति के अध्यक्ष नरेश गुप्ता ने बताया गत 18 वर्षो की भांति इस वर्ष भी भारतीय नववर्ष संवत 2081 के शुभारम्भ के अवसर पर भारत नवनिर्माण ट्रस्ट के अन्तर्गत, भारतीय पर्व आयोजन समिति के तत्वावधान में सांस्कृतिक उत्सव उमंग 2081 का आयोजन आज से 8 अप्रेल तक क्लब हाउस, सिल्वर सिटी 2 सोसाइटी में आयोजित किया जा रहा है। जिसमे स्कूली बच्चों की भारतीय खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ साथ विभिन्न सांस्क्रतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

कार्यक्रम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श और हनुमान जी की श्री राम के प्रति अगाध भक्ति और समर्पण की गाथा को हनुमन्त कथा के रूप में ग्रेटर नोएडा के जनमानस के बीच रख उनमें धार्मिक और सांस्कृतिक संचेतना का कार्य कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा की व्यास पीठ के द्वारा होगा।

मीडिया प्रभारी मुकुल गोयल ने बताया कि आज विभिन्न प्रतियोगिताएं-इंद्रधनुष, रंगोली, मिले सुर मेरा तुम्हारा, एकल व समूह नृत्य एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शन आयोजित की जायेंगीं। 7 अप्रेल को मेहंदी एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगीं। और 7 व 8 अप्रेल को सायं 4 से। बजे तक कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा द्वारा हनुमंत कथा के रूप में हनुमान जी के चरित्र और उनकी श्री राम में अगाध भक्ति का वर्णन किया जायेगा। प्रेस वार्ता में नरेश गुप्ता, ओम प्रकाश अग्रवाल, सौरभ बंसल, मुकुल गोयल, विवेक अरोड़ा, संजीव सालवान, गुड्डी तोमर, बीना अरोरा , कांतिपाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू (अंबावता) संगठन का हुआ विस्तार



**दादरी ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) संगठन का कल विस्तार हुआ। किसान नेता राजकुमार रूपवास तहसील अध्यक्ष एवं कपिल खारी जिला उपाध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र देकर पवन भाटी को नोएडा महानगर अध्यक्ष रवि खारी को ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार को सदस्य योगेश कुमार को सदस्य मनोनीत किया गया। किसान नेता राजकुमार रूपबास ने कहा कि हमारा अंबावता संगठन हमेशा किसानों के हित में कार्य करता है और करता रहेगा क्योंकि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुत ही किसानों के हित में हमेशा सदैव तत्पर रहते हैं। वह किसानों की आवाज को बढ़-चढ़कर उठाने काम करते हैं।

इस मौके पर सत्यें‌द्र एडवोकेट ओम प्रकाश एडवोकेट नरेश कुमार एडवोकेट जगेश कुमार अनिल कुमार छोटू योगेश कुमार, अमित मुखिया कोशिंदर कुमार, कपिल खारी, पवन कुमार, रवि खारी, राजकुमार, सचिन नेताजी बिसरख यादव आदि लोग मौजूद रहे।



**भारतीय किसान यूनियन ( बलराज ) संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 51वें दिन भी जारी रहा।**


# धूम-धाम से मनाया भाजपा का स्थापना दिवस



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस कुलेसरा स्थित मधुबन बिहार में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यालय पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के बिसरख मंडल के उपाध्यक्ष डॉ दीपक कुशवाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी यह ऐसी पार्टी है जो सभी को साथ में लेकर चलने में विश्वास रखती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश का सर्वाधिक विकास कर रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विकास एवं माफियाओं का राज खत्म किया है। वह सराहनीय एवं स्वागत के योग्य है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के बाद ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जो वह लेकर जनता के बीच हो जाए।

इस अवसर पर मनीष वर्मा, सुजीत पांडेय, संदीप गोयल, मनोज चौहान, राकेश सिंह, सहित भारी संख्या में स्थापना दिवस के कार्यक्रम पर मौजूद रहे।

# देवी-देवताओं पर अभद्र पोस्ट पर भड़के लोनी के विधायक



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** हिन्दु देवी-देवताओं पर विवादित टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है और कहा है कि ये लोग चुनाव के दौरान माहौल खराब करने की साजिश रच रहे हैं।

दरअसल सोश्ल मीडिया पर हिन्दु देवी-देवताओं पर अभद्र पोस्ट को लेकर लोनी के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कड़ी नाराजगी जताई है। इस संबंध में उन्होंने लोनी थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि ऊपरकोट निवासी जाहिदअली मुखिया व उनके साथी मकसूद अली मुखिया (खुशदिल) के द्वारा फेसबुक पर हिन्दु देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की गयी है। इन दोनों ने फेसबुक पर लिखा है कि हिन्दु समाज में सगे भाई-बहन शादी करते हैं। इनकी इस पोस्ट से पूरे हिन्दु समाज में आक्रोश है।

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि इन दोनों पर सीएए एवं एनआरसी के मुददे पर लोनी में जमा लगाकर दंगा कराने की साजिश रचने का भी आरोप है। चुनाव के दौरान सोशल मीडिया के जरिए दंगा कराने का षड़यंत्र रचने वालों के खिलाफलोनी के विधायक ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा जिला इकाई की हुई बैठक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

भाजपा ज़िला कार्यालय तिलपाता पर ज़िला इकाई की एक बैठक ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी के नेतृत्व में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य वक्ता ज़िला प्रभारी प्रमोद गुप्ता रहे। बैठक में ज़िला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने कहा कि आज सभी बूथों पर पार्टी स्थापना दिवस मनाते हुए सभी वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को अपने बूथों पर बूथ बैठक कर भाजपा ध्वज अपने अपने बूथों के बूथ अध्यक्ष अपने घरों पर लगायेंगे और पार्टी सामग्री का वितरण बूथों पर घर-घर जाकर एवं बूथों पर नमों एप पर माइक्रो डोनेसन 5 रुपए 10, 20, 50 लोगों को माइक्रो डोनेशन कराना है।

बैठक में क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर, बिजेंद्र प्रमुख, जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा, पवन रावल, सतेंद्र नागर, पवन नागर, जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, राकेश राणा, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, जगभूषण गर्ग, रवि जिन्दल, राहुल पंडित, अर्पित तिवारी, रजनी तोमर, इन्द्र नागर, विजय रावल, अजीत मुखिया, जितेन्द्र भाटी, डॉक्टर संगीता रावल आदि दर्जनों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।



**भाजपा के स्थापना दिवस पर आज अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम एवं हाथरस के सांसद अनूप प्रधान को गुल्दस्ता देकर बधाई देते भाजपा नेता पिंकी पंडित ( शहदरा )।**


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T01 Date:- 04.04.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैः- **क्रं.सं.:-1, कार्य का नामः**- पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल मे मैरवा स्टेशन पर SOD का infringement हटाना और छपरा ग्रामीण और छपरा कचहरी आइसोलेटर के प्रावधान के संबंध में 25 KV OHE संशोधन कार्य।, **टेंडर रिफरेंश नं.:-** SrDEE-TRD-BSB-2024-25-T01, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:-** ₹ 2,20,37,402.75, **धरोहर राशि रुपया में:-** ₹ 2,60,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:-** शून्य, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः-** 26.04.2024, up to 14:45 Hrs., **कार्य पूरा करने की अवधिः-** 9 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 26.04.2024 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-04 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# बच्चों ने बताया 'चुनाव का पर्व, देश का पर्व'




**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसको जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उपक्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली में 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता सहभागी बन सकें। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली में लगभग 500 स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं शिक्षिकाओं के द्वारा हिस्सा लिया गया।

सभी को जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान की शपथ भी दिलाई। मतदाता जागरूकता रैली मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम से होते हुए सीआईएसएफ, आइटीबीपी एवं सीआरपीएफ से होते हुए मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में ही समाप्त हुई। पुलिस विभाग का मतदाता जागरूकता रैली में विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप जनार्दन सिंह, समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, हिमांशु, परवेज अली, शीलांकुर केन, ज्योति नागर, नीतीश सक्सेना, गीता भाटी, शालिनी एवं वंदन आदि उपस्थित रहे।

# 'शिक्षित व संस्कारी बने वाल्मीकि समाज'

## समाज को जागरूक करने नवादा गांव पहुंचे सोहनदास नेताजी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** वाल्मीकि समाज को शिक्षा व विकास क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए अनवरत अभियान में जुटे समाजसेवी सोहन दास नेताजी नवादा गांव पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने समाज के सभी बुजुर्गों, युवाओं तथा बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान सोहन दास ने समाज के लोगों को शिक्षित तथा संस्कारी बनने एवं प्रगति करने के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षित बनो तथा घर परिवार एवं समाज का नाम रोशन करो, उन्होंने कहा कि सभी पढ़े-लिखे युवा समाज को जागरूक करने का संकल्प ले तभी समाज उन्नति करेगा।

इस मौके पर किशन लाल भगवाना, हरि प्रधान चौटाला, सतीश भगवाना, मनोज भगवाना, अर्जुन भगवाना, लवली वाल्मीकि समेत गांव तथा समाज की सैकड़ों लोग मौजूद थे।







**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

आईपीएल 2024

# आज गुलाबी नगरी में भिड़ेंगे राजस्थान और बेंगलुरु



## दोनों टीमों की एक जैसी चिंता

जयपुर। खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को आईपीएल 2024 के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका।

### ▶▶ विक जैक्स को मौका देगी आरसीबी

▪ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाये लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। कैमरून ग्रीन की जगह प्लेइंग इलेवन में विस्फोटक बल्लेबाज विल जैक्स को शामिल किया जा सकता है। मयंक डागर की जगह लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को मौका मिल सकता है। दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आये थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी।

### ▶▶ संदीप शर्मा की होगी वापसी

▪ गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल है। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। पिछले मैच में फिटनेस की वजह से नहीं खेलने वाले संदीप शर्मा की वापसी हो सकती है। संदीप, आवेश या चहल में से किसी एक का इस्तेमाल इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में होगा।

### विराट को छोड़ आरसीबी बल्लेबाज फ्लॉप

▪ राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु की एक जैसी कमजोरी है। दोनों का ही टॉप ऑर्डर इस सीजन में चल नहीं रहा। विराट कोहली को छोड़ दें तो आरसीबी के लिए फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार इस सीजन में अपने कद के मुताबिक नहीं खेल पाए हैं। सिर्फ विराट कोहली लय में दिख रहे। उन्होंने 2 अर्धशतक ठोके हैं। राजस्थान रॉयल्स का भी ऐसा ही हाल है। यशस्वी जायसवाल से इंग्लैंड के खिलाफ धमाकेदार टेस्ट सीरीज के बाद आईपीएल में भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद थी। लेकिन, वो तीन मैच में 39 रन ही बना पाए हैं। वहीं, जोस बटलर का भी ऐसा ही हाल रहा। उन्होंने भी 3 मैच में 35 रन बनाए हैं। राजस्थान की बल्लेबाजी रियान पराग (181 रन, दो अर्धशतक) और संजू सैमसन (109 रन, 1 फिफ्टी) के इर्द-गिर्द घूम रही।

**हेड टू हेड**
मैच- 30
RCB जीती- 15
RR जीती- 12
बेनतीजा- 03

### ▶▶ राजस्थान की गेंदबाजी मजबूत

▪ राजस्थान रॉयल्स की गेंदबाजी आरसीबी के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। ट्रेंट बोल्ट,नांद्रे बर्गर और लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अब तक अच्छी लय में गेंदबाजी की है। तीनों ने कुल 16 विकेट लिए हैं। आरसीबी के बल्लेबाजों के लिए इम्तिहान होगा।

### ▶▶ आरसीबी की गेंदबाजी फीकी

▪ आरसीबी की गेंदबाजी में धार नजर नहीं आई है। मोहम्मद सिराज अभी तर बेरंग नजर आए हैं। वो 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दे रहे। अल्जारी जोसेफ और उनके रिप्लेसमेंट रीस टॉप्ली भी हर ओवर में 9 रन लुटा रहे। ऐसे में राजस्थान के बैटर इसका फायदा उठा सकते।

### संभावित प्लेइंग इलेवन




**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार, दिनेश कार्तिक, अनुज रावत (विकेटकीपर), कर्ण शर्मा, रीस टॉपले, मोहम्मद सिराज, यश दयाल।
इम्पैक्ट के विकल्प- सुयश प्रभुदेसाई, महिपाल लोमरोर, मयंक डागर, विजयकुमार वैशाख, स्वप्निल सिंह
**राजस्थान रॉयल्स:** यशस्वी जयसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (विकेटकीपर/कप्तान), रियान पराग, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, अवेश खान, नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल।
इम्पैक्ट के विकल्प- रोवमैन पॉवेल, तनुश कोटियन, कुलदीप सेन, शुभम दुबे, संदीप शर्मा।

धोनी के फैसले पर उठा सवाल

## क्या चेन्नई की जीत नहीं चाहते थे माही

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स को इस आईपीएल की पहली हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली ने चेन्नई को 192 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में चेन्नई 171 रन ही बना सकी थी। हालांकि चेन्नई यह मैच हार गई थी लेकिन आठवें नंबर पर बैटिंग करने आए महेंद्र सिंह धोनी ने 37 रनों की तूफानी पारी से फैंस का दिल जीत लिया था।
इस दौरान उन्होंने चार चौके और तीन छक्के भी जड़े थे। लंबे इंतजार के बाद धोनी की पारी से फैंस तो काफी प्रभावित हुए लेकिन न्यूजीलैंड पूर्व क्रिकेटर साइमन डूल ने धोनी की रणनीति पर सवाल उठाया है जिसमें वो कह रहे हैं कि धोनी ने दिल्ली के खिलाफ सिंगल रन छोड़े जिसका नुकसान हुआ। साइमन डूल क्रिकबज पर दिल्ली और चेन्नई के बीच खेले गए मैच की एनालिसिस कर रहे थे।

# सूर्या पर सस्पेंस बरकरार




**मुंबई।** सूर्य कुमार यादव की वापसी का इंतजार तो मुंबई इंडियंस ही नहीं, उनके फैंस भी कर रहे हैं। लेकिन वे सात अप्रेल को होने वाले मुकाबले के लिए मैदान में उतरेंगे या नहीं, इसको लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं है। लगातार हार पर हार झेल रही मुंबई इंडियंस के लिए सूर्या एक संजीवनी बन सकते हैं। देखना होगा कि आने वाले दो दिनों में उनको लेकर क्या कुछ अपडेट आता है और क्या सूर्या के आने से मुंबई इंडियंस की टीम जीत की पटरी पर लौट पाएगी। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम अपने तीन मैच हार चुकी है। पहले तो वे विरोधी टीम के घर पर हारे, लेकिन हद तो तब हो गई, जब एमआई को अपने घर वानखेड़े स्टेडियम पर भी हार का सामना करना पड़ा। कप्तान हार्दिक से फैंस पहले से ही नाराज थे, लेकिन हार के बाद तो वे लगातार सोशल मीडिया पर ही नहीं, स्टेडियम में भी हूटिंग का शिकार हो रहे हैं।

### जून में होगा टी20 विश्व कप

सूर्या पिछले लंबे अर्से से चोट के चलते टीम से बाहर हैं। वे भारतीय टीम के लिए तो उपलब्ध नहीं ही थे, आईपीएल के शुरुआती मैच भी मिस कर चुके हैं। अब सवाल ये है कि क्या सूर्या अपनी टीम के लिए अगले मैच में मैदान में नजर आएंगे। माना जा रहा है कि जब सूर्या मुंबई के साथ जुड़कर टीम के प्रैक्टिस सेशन में भाग लेंगे, उसके बाद ही इस पर फैसला किया जाएगा। वे प्रैक्टिस के दौरान कैसे नजर आते हैं, क्या वे पूरी तरह से फिट हैं। अगर जरा सा भी इफ और बट का मामला हुआ तो वे एक और मैच मिस कर सकते हैं। इस साल आईपीएल के बाद जून में टी20 विश्व कप भी है और सूर्या उस टीम में भी होंगे। ऐसे में कोई भी रिस्क नहीं लिया जाएगा। जब तक तक उनकी फिटनेस 100 फीसदी नहीं होगी, तब तक वे मैदान में शायद ही उतरें। हालांकि फैंस तो उम्मीद यही करेंगे कि सूर्या जल्द से जल्द मैच खेलते हुए दिखाई दें।

इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन

# आईपीएल में टूटा छक्कों का रिकॉर्ड

### आईपीएल में पहली बार 17 मैचों में 300 का आंकड़ा पार



**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच अहमदाबाद के मैदान पर खेले गए मुकाबले में टूर्नामेंट के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनते हुए देखने को मिला। अब तक इस सीजन में गेंदबाजों की जमकर धुनाई देखने को मिली है, इसी वजह से दो मैचों में टीम का स्कोर 250 प्लस भी देखने को मिला है। वहीं जीटी और पंजाब के बीच हुए मैच में टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार इतने कम मैचों 300 छक्कों के आंकड़े को पार कर लिया गया। गुजरात टाइटंस टीम के कप्तान शुभमन गिल ने पंजाब के खिलाफ मुकाबले में पारी के पहले ही ओवर में जैसे ही छक्का लगाया उसी के साथ आईपीएल के इस सीजन में छक्कों का तिहरा शतक पूरा हो गया। आईपीएल 2024 में 300 छक्कों के आंकड़े को पूरा होने में सिर्फ 3773 गेंदों का सफर लगा जो भी इस टूर्नामेंट में अब तक सबसे तेज है। पहली बार आईपीएल में ऐसा हुआ है कि इस छक्कों के इस आंकड़े को 4000 से कम गेंदों में ही पूरा कर लिया गया। 2018 में 300 छक्कों का आंकड़ा 4578 गेंदों में पूरा हुआ था।

# गुजरात टाइटंस के नंबर-1 क्रिकेटर बने शुभमन गिल




नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के नए कप्तान शुभमन गिल ने होम ग्राउंड में पंजाब किंग्स के खिलाफ इतिहास रच दिया। गिल ने पंजाब किंग्स के खिलाफ चार अप्रेल को खेले गए मैच में इस सीजन की अपनी पहली फिफ्टी जमाई। गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल ने 48 गेंदों का सामना करते हुए 89 रन की पारी खेली, जिसकी बदौलत गुजरात ने स्कोर बोर्ड पर 199 रन टांगे। बतौर कप्तान आईपीएल में गिल का ये पहली बार 50 प्लस स्कोर रहा। बता दें कि स्टार भारतीय बैटर गिल आईपीएल इतिहास के 9वें सबसे युवा कप्तान बने।
पंजाब किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल का अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बल्ला जमकर बोला। उन्होंने गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई। गुजरात की तरफ से गिल ने 48 गेंदों पर नाबाद 89 रन की पारी खेली।



# पंजाब की जीत से गदगद हुईं प्रीति जिंटा

▪ शशांक सिंह ने जिताया मैच
▪ प्रीति जिंटा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने गुरुवार को आईपील 2024 में सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल किया। पंजाब किंग्स ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस को रोमांच से भरे मुकाबले में एक गेंद शेष रहते तीन विकेट से मात दी। ऑलराउंडर शशांक सिंह पंजाब किंग्स की जीत के हीरो रहे, जिन्होंने 29 गेंदों में 6 चौके और चार छक्के की मदद से नाबाद 61 रन बनाए। उनकी पारी की मदद से पंजाब किंग्स ने 200 रन का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। पंजाब की टीम एक समय 70 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी और तब लग रहा था कि उसे लगातार तीसरी शिकस्त झेलनी पड़ेगी। हालांकि, शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के इरादे कुछ और ही थे और दोनों ने पंजाब को रोमांचकारी जीत दिलाई। जब शशांक सिंह ने दर्शन नालकंडे के ओवर की पांचवीं गेंद पर विजयी रन बनाए तो पंजाब किंग्स की सह-मालकिन व बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति खुशी से अपनी कुर्सी से उछल पड़ी।

# उबर कप नहीं खेलेंगी पीवी सिंधू



**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और शीर्ष दो युगल टीमों ने उबर कप से नाम वापिस ले लिया है लेकिन पुरूष वर्ग में मजबूत टीम 27 अप्रैल से चेंगडू में होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलेगी। फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधू ने छह टूर्नामेंट खेले हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक से पहले रिकवरी के लिये पर्याप्त समय की जरूरत को देखते हुए नाम वापिस लिया है।

महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो ने भी नाम वापिस ले लिया है। उनका फोकस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये दूसरे टूर्नामेंटों पर है। बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा ,'' सिंधू चोट के बाद वापसी कर रही है और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये उसे समय चाहिये। युगल टीमों ने भी नाम वापिस ले लिया है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में काफी टूर्नामेंट खेले हैं और अब फोकस क्वालीफिकेशन पर है।''

भारत थॉमस कप में गत चैम्पियन है और इस बार भी मजबूत टीम उतारी है। इसमें पांच एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज हैं। दुनिया की नंबर एक जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला भी खेलेंगे।

पीवी सिंधू और शीर्ष दो युगल टीमों ने उबर कप से नाम वापिस ले लिया है लेकिन पुरूष वर्ग में मजबूत टीम 27 अप्रैल से चेंगडू में होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलेगी। फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधू ने छह टूर्नामेंट खेले हैं।

एकल : लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज
युगल : सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला और साइ प्रतीक

**उबर कप टीम**
एकल : अनमोल खरब , तन्वी शर्मा, अष्मिता चालिहा, ईशारानी बरूआ
युगल : श्रुति मिश्रा, प्रिया कोंजेंगबम, सिमरन सिंघी और रितिका ठाकेर।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)
फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962



# बांस
## आमदनी का अच्छा जरिया

**जहाँ तक अंतराल का प्रश्न है। बांस का रोपण 4ङ्ग4 मी. के अंतराल पर करना लाभदायक पाया जाता है। रोपण हेतु गड्डे रोपण करने के लगभग 1 माह पहले खोदकर छोड़ दिये जाना चाहिये। ताकि उनका रोपण के पूर्व प्राकृतिक उपचार हो सके।**



### पौधों का रोपण

बांस का रोपण वर्षा ऋतु के प्रारंभ के समय किया जाना चाहिये। रोपण हेतु 6 से 9 माह आयु में पौधों का उपयोग करना लाभदायक पाया गया है। बांस में पौधों का रोपण 30ङ्ग30ङ्ग30 से.मी. आकार के गड्डों में किया जाना चाहिये। रोपण के पूर्व गड्डे मिट्टी एवं 10 किलोग्राम कम्पोस्ट खाद के मिश्रण से भर दिये जाते हैं। तत्पश्चात पॉलीथीन थैलियों में तैयार किये गये पौधे थैलियों को फाड़कर मिट्टी सहित गड्डों में रोपित कर दिये जाते हैं। जहाँ तक अंतराल का प्रश्न है। बांस का रोपण 4ङ्ग4 मी. के अंतराल पर करना लाभदायक पाया जाता है। रोपण हेतु गड्डे रोपण करने के लगभग 1 माह पहले खोदकर छोड़ दिये जाना चाहिये। ताकि उनका रोपण के पूर्व प्राकृतिक उपचार हो सके।

### रोपण हेतु उपर्युक्त स्थल

बांस प्राकृतिक रूप से ढालू जमीन पर अच्छा बढ़ता है। अतः इसके रोपण का चयन किया गया स्थल ढालू होना चाहिये।

### रासायनिक खाद का प्रयोग

बांस की अच्छी वृद्धि हेतु उपयुक्त खादों के प्रकार तथा मात्राओं पर अनुसंधान कार्य हेतु हैं। इनमें से एक का परिणाम यह है कि बांस भिर्रे में 50 ग्राम यूरिया तथा 20 ग्राम सुपर फास्फेट की खुराक देना लाभदायक होता है। एक निष्कर्ष यह भी है कि यूरिया खाद (20 ग्राम प्रति पौधा) का उपयोग प्रथम तथा पांचवे वर्ष में किया जाना सर्वाधिक लाभप्रद होता है। खाद की खुराक देने के तुरंत पश्चात पौधों की सिंचाई की जाना आवश्यक है।

### बांस रोपण की आर्थिकी

बांस की उपयोगिता अधिक होने के कारण प्राइवेट व्यक्ति कृषक इसका रोपण करके व इसका व्यापार करके अच्छा लाभ कमा सकते हैं। देशी बांस डेन्ड्रोकेलामस स्ट्रिक्टस

### उत्पादन एवं आय

बॉस के भिर्रों से तीन प्रकार के बांस प्राप्त होते हैं - सूखे बांस, टेढ़े-मेढ़े बांस एवं अच्छे बांसों के पतले टुकड़े-ये सब एक श्रेणी में रखे जाते हैं तथा इन्हें औद्योगिक बांस कहा जाता है। इसका उपयोग कागज बनाने के कारखानों में किया जाता है। अच्छे बांस व्यापारिक





बांसों के नामों से जाने जाते हैं। इनका उपयोग निर्माण कार्य हेतु किया जाता है। सूखे बांसों को तोल करने पर एक टन वजन में लगभग 250 बांस आते हैं। इनको बाजार में 1000-1200 रुपये प्रति टन के भाव से वर्तमान समय से बेचा जाता है। व्यापारिक बांस औसतन 15/-प्रति बांस की दर से फुटकर बाजार में बिकता है। वैसे बहुत अच्छे बांस 50/- प्रति बांस तक बिकते हैं। बांस की कीमत अच्छी लम्बाई-मोटाई तथा पकने की स्थिति पर निर्भर करती है। बांस के रोपण में सामान्यतः 6-7 वर्ष की आयु में उपयोगी बांस प्राप्त होने लगते हैं। 6वें वर्ष से प्रति हेक्टेयर क्षेत्र में औसतन 3000 बाँस प्रति वर्ष प्राप्त होंगे। इनमें से 20 प्रतिशत बांस औद्योगिक श्रेणी के हो सकते हैं। जिनका वजन लगभग 3 टन होगा। शेष 2400 बांस 2400315 = 36000/- में बिकेंगे। औद्योगिक बांसों की बिक्री से होने वाली आय को मिलाकर कुल आय 39000/-रुपये प्रति वर्ष होगी। कटाई का व्यय (औसतन 0.50/- प्रति की दर से) लगभग 1500/- रु. होगा। अन्य खर्च को मिलाकर कुल व्यय लगभग रुपये 2000/- प्रतिवर्ष होगा। फिर भी शुद्ध आय 37000/-प्रतिवर्ष हो सकेगी। यदि जमीन अच्छी नहीं है तो भी 20000/-रु. से 30000/- रुपये बांस फूलेगा तब सभी भिर्रे सूख जावेंगे। औश्र इस समय लगभग 40 टन सूखे बांस प्राप्त होगा। जिसकी कीमत आज की दर के आधार पर 48000/- रुपये होगी इस प्रकार हम पाते हैं कि रोपण की स्थापना पर किया गया व्यय पहले उत्पादन (छटवें वर्ष में) ही वापस हो जाता है। आगे के वर्षों के नाममात्र व्यय के बाद काफी बढ़ा लाभ होगा।

---

**जरा सी सावधानी**

# सुरक्षित अनाज



वर्तमान समय में रबी की फसलों की कटाई एवं गहाई चल रही है इसके बाद भंडारण करना है इसलिये कटाई करते समय ध्यान रखें फसलें अच्छी तरह पकी हों अन्यथा कच्चे रहने पर दाने छोटे व सिकुड़ जाते हैं और यदि अधिक दिनों तक फसल पकी हुई खड़ी रहने पर कटाई के समय दाने व फलियां जमीन पर झड़ जाते हैं जिससे उपज घट जाती है. इसलिये सभी फसलों की पकने की उचित अवस्था में कटाई करें कटाई के लिये कई पहलू है जिसमें पत्तियां फलियां पीली पड़ना, पत्तियां गिरना, दाने में नमी की मात्रा जो पकने में देखे जाते हैं साथ ही कटाई उचित यंत्र से कटाई करें जिसमें रकबा व उपलब्ध मजदूर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिसमें ट्रैक्टर व मशीन चलित कम्बाईन, हारवेस्टर व मोवर, बैल चलित यंत्र रीपर से करना चाहिए इस समय नमी 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए तथा मानव चलित उपकरण हसिया, गंडासा उपयोग होता है.
कटाई के बाद फसल को सुखाना हो तो उसे बंडलों में बांधकर खेत में 3-4 दिन सुखा लें. इसके बाद पूर्ण रूप से सूखने पर लगभग नमी फसलों में 15% के आसपास हो तब दांव चलाकर, डंडे से पीटकर या थ्रेसर द्वारा दाना-भूसा अलग कर लें. साथ ही देख लें अधिक नमी या यंत्र की खराबी से दाना टूट तो नहीं रहा.
तेल वाली फसलों को अधिक समय तक खलिहान में गहाई के लिये फसल को भंडारित कर नहीं रखना चाहिए क्योंकि इससे तेल प्रतिशत घट जाता है साथ की कीड़ों द्वारा भी हानि पहुंचाई जाती है. अनाज को भंडारण से पहले सुखाना बहुत जरूरी है. जिससे उसमें नमी अधिक न रहे अन्यथा कीड़े व फफूंद द्वारा उत्पादन की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है. जिसमें सभी फसलों के लिये नमी प्रतिशत अलग-अलग होता है जैसे-अनाज वाली फसलों 12% तिलहनी फसलों में 8%, दलहनी फसलों में 9% नमी भंडारण हेतु उपयुक्त मानी जाती है. इसके लिये बीजों को दांतों से तोड़कर कट की आवाज आने पर सही नमी का अंदाजा लगाया जा सकता है.

### उपरोक्त के अलावा फसलों की कटाई, गहाई व उसके रखरखाव हेतु निम्नलिखित सावधानियां रखना चाहिए-

- फसल की कटाई साफ व धूप वाले मौसम में करना चाहिए.
- गहाई मशीन के नट अच्छी तरह कसे होना चाहिए इसके लिये कार्य करते समय अवांछनीय आवाज आये तो मशीन रोककर ठीक कर लेना चाहिए.
- थ्रेसिंग मशीन पर कार्य करने वाले ढीले-ढाले कपड़े नहीं पहनना चाहिए उलझ सकते हैं.
- खलिहान में आदमी बीड़ी- सिगरेट न पिये आग लग सकती है.
- खलिहान साफ-स्वच्छ, ऊंचे स्थान जहां वर्षा होने पर पानी भरे नहीं तथा आसानी से निकल जाये ऐसे स्थान का चयन करना चाहिए.
- फसल के बंडल थ्रेसर के पास रखें जिससे मजदूरों को थ्रेसिंग करते समय अधिक क्षमता से गहाई कर सकें.

# दुधारू पशुओं
## की देख-रेख



**दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए. संक्रामक रोगों का टीकाकरण समय रहते अवश्य कराना चाहिए. बाह्य एवं आंतरिक परजीवियों को दूर करने के लिए विशेष ध्यान रखना चाहिए. दुधारू पशुओं में थन एवं अयन की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए.**

- पशु के पोषण में लगभग 70ज खर्च होता है. दुग्ध उत्पादन तभी लाभदायी हो सकता है, जब पशुओं को संतुलित आहार मिले तथा उसकी लागत कम आये. हरा चारा दुधारू पशुओं के लिये अमृत के समान है. 6 से 8 लीटर दूध देने वाले पशुओं की आवश्यकता की पूर्ति मात्र पेट भर हरा चारा उपलब्ध कराने से भी की जा सकती है. 1.5 किलो जीविका आहार के साथ पशु की दूध उत्पादन क्षमता के अनुसार बांटा दिया जाना चाहिए. भैंसों में 2 लीटर दूध उत्पादन पर 1 किलो बाटा तथा गायों में 2.5-3.0 लीटर दूध पर 1 किलो बाटा दिया जाना चाहिए.
- पशुओं की अच्छी आवास व्यवस्था भी दूध उत्पादन अच्छा रखने में सहायक होती है. गौशाला इस प्रकार की बनाई जानी चाहिए जिससे सूर्य की किरणें उत्तर की ओर अधिक पड़ें और दक्षिण की ओर कम से कम, जिससे गर्मियों एवं सर्दियों में पशुओं की रक्षा की जा सके. गाय एवं भैंसों के लिये 30-35 वर्ग फीट प्रति पशु जगह की आवश्यकता होती है. बाहरी बाड़ा के लिये 20-100 वर्ग फुट स्थान होना चाहिए. पूंछ से पूँछ विधि गौ पशुओं के लिये सबसे अधिक उपयोगी पाई गई है.

इस विधि की विशेषताएं हैं कि गौ शाला की साफ-सफाई अच्छी की जा सकती है. जिससे पशुओं को बीमारी से बचाया जा सकता है. संक्रामक बीमारियाँ आसानी से नहीं फैल पाती हैं. थन एवं अयन की बीमारियों का तुरंत पता लगाया जा सकता है. पशुओं और नालियों की साफ-सफाई अच्छी तरह से की जा सकती है.




- दुधारू पशुओं से अधिक दूध उत्पादन के लिए स्वच्छ पानी की उपलब्धता अत्यंत आवश्यकता है. पशु बिना भोजन के तो रह सकता है. परंतु बिना पानी के नहीं. क्योंकि पानी शारीरिक क्रियाओं के संचालन एवं दूध उत्पादन के लिए आवश्यक है. प्रत्येक दुधारू पशु को लगभग 100 लीटर पानी की प्रतिदिन आवश्यकता होती है.
- दुधारू पशुओं को प्रेम पूर्वक रखना, उनसे अच्छा व्यवहार करना, बाह्य परजीवी जूं किलनी इत्यादि को अलग रखना. क्योंकि बाह्य परजीवी पशु का खून चूसते हैं और दूध उत्पादन क्षमता पर प्रभाव डालते हैं.

अत: जब भी मौसम में बदलाव आता है, उस समय बाह्य परजीवी जैसे जूँ और किलनी मारक दवाइयों का प्रयोग करना चाहिए.

- जहाँ तक सम्भव हो दुधारू पशुओं को शोर से दूर रखा जाना चाहिए. शोर का प्रभाव उनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता पर पड़ता है.
- अच्छे दूध उत्पादन करने वाले पशुओं की पहचान की जानी चाहिए. जो पशु कम दूध उत्पादन अर्थात 2-3 लीटर दूध देते हैं. उनकी छटनी कर देनी चाहिए. प्रतिवर्ष 15-20 प्रतिशत गौ शाला के पशुओं की छटनी की जानी चाहिए जिससे लगातार अधिक दूध उत्पादन प्राप्त हो सके.
- गौ शाला में एक निश्चित दिनचर्या का पालन किया जाना चाहिए. इसमें बदलाव करने से दूध उत्पादन क्षमता पर प्रभाव पड़ता है. यदि कोई बदलाव करना है तो पशुओं की शुष्क अवस्था में किया जाना चाहिए.
- पशुओं का दूध दुहते समय अच्छा प्रबंध करना चाहिए. यह एक विशेष कार्य है. दोहने वाले व्यक्ति की क्षमता दूध उत्पादन पर बहुत प्रभाव डालती है. दूध निकालने की प्रक्रिया 5-7 मिनिट में पूर्ण हो जानी चाहिए.वरना पशु दूध को रोक सकता है. इसलिए दूध दोहने में जो व्यक्ति पारंगत है उनसे ही दूध निकलवाना चाहिए. इससे पशु की वास्तविक दूध उत्पादन क्षमता का पता लगाया जा सकता है.
- गर्मियों में अधिक दूध देने वाले पशुओं का विशेष प्रबंध किया जाना चाहिए. गाय एवं भैसों को नहलाना, गौ शाला में ठंडा वातावरण रखना, सुबह और शाम को भोजन देना चाहिए. साइलेज का इस्तेमाल, भूसे का यूरिया उपचार किया जाना चाहिए जिससे उत्पादन को गिरने से बचाया जा सके.
- अच्छे दूध उत्पादन के लिये अच्छी प्रजनन क्षमता को बनाये रखना बहुत ही जरूरी है.

पशु की उत्पादन क्षमता छटवीं ब्यात तक होती है. आदर्श प्रजनन क्षमता एक बछड़ा/बछिया प्रतिवर्ष है. यदि प्रजनन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया तो किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है.
दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए. संक्रामक रोगों का टीकाकरण समय रहते अवश्य कराना चाहिए. बाह्य एवं आंतरिक परजीवियों को दूर करने के लिए विशेष ध्यान रखना चाहिए. दुधारू पशुओं में थन एवं अयन की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए.
वरना थनैला रोग होने की संभावना हमेशा बनी रहती है. थनैला रोग की जाँच स्ट्रिप कम विधि से समय-समय पर की जाना चाहिए. ग्रामीण परिवेश में साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता है, जिससे थनैला रोग होकर एक या दो थन खराब हो जाते हैं और किसानों को काफी आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है.

# निया 4 साल बाद करेगी पर्दे पर वापसी



टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस में शुमार निया शर्मा की किस्मत चमक चुकी है। एक्ट्रेस पूरे चार साल बाद स्क्रीन पर वापसी के लिए तैयार हैं। निया शर्मा को आखिरी बार सुपरनैचुरल शो 'नागिन 4' में देखा गया था। दर्शकों ने इन्हें इस सीरियल में काफी पसंद किया था। इसके बाद निया ने कई रियलिटी शोज किए, लेकिन उस तरह दर्शकों के दिलों पर राज नहीं कर पाईं।

अब निया चार साल बाद 'सुहागन चुडैल' से वापसी करने जा रही हैं। इस बात को लेकर वो बेहद खुश हैं। ये एक फिक्शन जॉनर है। 'नागिन' की ही तरह ये सुपरनैचुरल शो है। सूत्र ने एक इंटरव्यू में बताया कि निया को शो के लिए साइन कर लिया गया है। हालांकि, निया की ओर से इसपर अबतक कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है। निया लीड रोल में नजर आएंगी और ये मेकर्स के लिए कुशी की बात है। सीरियल की बाकी की कास्ट को लॉक कर दिया गया है। जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू होगी। कहानी में तीन किरदार हैं। महिला अपने पति को उस चुडैल से बचाती है, जिसके चंगुल में वो फंस गया है। दर्शकों का इस बार काफी मनोरंजन होने वाला है। निया भी इस शो को करने को लेकर बेहद खुश और एक्साइटेड हैं। निया को आखिरी बार सीरियल 'कालीः एक अग्निपरीक्षा' में देखा गया था। इसके अलावा ये 'बहनें', 'एक हजारों में मेरी बहना है', 'जमाई राजा', 'इश्क में मरजावां' जैसे सीरियल्स में देखा गया। निया ने साल 2020 में आए 'खतरों के खिलाड़ीः मेड इन इंडिया' भी किया था। फिर साल 2022 के 'झलक दिखला जा 10' में भी पार्टीसिपेट किया। लेकिन ये विनर नहीं बन पाईं। रुबीना दिलैक संग इनकी कांटे की टक्कर होती दिखी। इसके अलावा निया 'बिग बॉस 15' में बतौर गेस्ट नजर आईं। ओटीटी की दुनिया में भी निया काम कर चुकी हैं। 'जमाई 2.0' और 'ट्विस्टेड' में निया ने अच्छी एक्टिंग कर दर्शकों का दिल जीता था।

# बड़े मियां छोटे मियां को मिला U/A सर्टिफिकेट



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज के लिए तैयार है। अली अब्बास द्वारा निर्देशित इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक काफी समय से एक्साइटेड हैं क्योंकि बॉलीवुड के 2 बड़े एक्शन हीरो साथ नजर आ रहे हैं। अब फिल्म को सीबीएफसी ने यू/ए सर्टिफिकेट के साथ पास कर दिया है। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने फिल्म में कुछ बदलाव भी करने को बोले हैं। 14 मिनट के विजुअल्स को ब्लर किया है 3 अलग सीन में। करीब 57 मिनट पर एक सीन 19 सेकेंड या यूं कहें तो 25 फीसदी कम हो गया है। पता नहीं चल पाया है कि उस सीन में वायलेंस था या इंटीमेसी। वहीं एक सीन में ब्रांड का नाम बदला है। शराब के एक सीन में डिस्क्लेमर डाला है और आखिर में मेकर्स को सीबीएफसी को एक क्लैरिफिकेशन देना है जिसमें सिम्पल, साइन, यूनिफॉर्म कोड और बाकी की जानकारी हो। इन बदलाव के बाद फिल्म रिलीज हो जाएगी। फिल्म 2 घंटे 44 मिनट लंबी है जो 10 अप्रेल को रिलीज होगी। बता दें कि बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय और टाइगर के अलावा टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, अलाया फर्निचरवाला और मानुषी छिल्लर हैं। वहीं सोनाक्षी सिन्हा का फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस है। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर प्रोड्यूसर वासु भगनानी ने कहा, 'मुझे लगता है कि भगवान भी इस फिल्म के साथ थे। आसान नहीं है।

# रामायण के डायरेक्टर ने सेट पर लागू की नो फोन पॉलिसी



रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर फिल्म रामायण को लेकर जबरदस्त हाइप बना हुआ है। इसके पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शूट के पहले दो दिन मेकर्स के लिए काफी तनावपूर्ण रहे, क्योंकि सेट से लगातार तस्वीरें लीक हो रही हैं। इन सभी बातों से डायरेक्टर नितेश तिवारी काफी अपसेट हैं। सबसे पहले फिल्म रामायण के सेट की इंटरनेट पर तस्वीरें लीक हुईं। अब गुरुवार देर रात से सोशल मीडिया पर दशरथ बने अरुण गोविल और कैकयी बनीं लारा दत्ता का लुक रिवील हो गया है। लंबी दाढ़ी और बालों में अरुण गोविल को पहचान पाना मुश्किल है। यूं स्टार्स की फोटोज लीक होने से मेकर्स काफी परेशान हैं। इसलिए अब डायरेक्टर नितेश तिवारी ने अहम फैसला लिया है। बताया जा रहा कि सेट पर नो फोन पॉलिसी लागू की गई है। सेट पर मौजूद कैमरा, क्रू और असिस्टेंट डायरेक्टर्स को समन भेजकर पूछा गया है कैसे सेट से बाहर स्टार्स की तस्वीरें लीक हुईं। नितेश तिवारी रणबीर कपूर के लुक को सीक्रेट रखना चाहते हैं। वो ये सुनिश्चित करेंगे कि सेट से रणबीर की कोई भी फोटो बाहर लीक ना हो। मूवी में वो राम का किरदार निभा रहे हैं। इसलिए सेट पर सख्ती से नो फोन पॉलिसी को लागू किया गया है। नितेश तिवारी और उनकी टीम ने शूटिंग शूरू होने के बाद सेट पर एक्स्ट्रा स्टाफ और क्रू को बाहर जाने का आदेश दिया है। सिर्फ एक्टर्स और टेक्नीशियंस को सेट पर रहना होगा, उनके अलावा किसी को एक्सेस नहीं दिया जाएगा। अभी रणबीर ने अपने रोल की शूटिंग शुरू नहीं की है। रामायण की टीम रणबीर के बॉडी डबल को लाने का भी प्लान कर रही है। ताकि एक्टर की एक्चुअल फुटेज बाहर लीक ना हो सके। फिल्म रामायण एक ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे नितेश तिवारी काफी रिसर्च और मेहनत के साथ बना रहे हैं। फिल्म में रणबीर के अपोजिट साउथ इंडियन एक्ट्रेस साई पल्लवी होंगी। केजीएफ स्टार यश रावण और साक्षी तंवर मंदोदरी का रोल करेंगी। सनी और बॉबी के भी फिल्म से जुड़ने की चर्चा है। हालांकि वो बात अलग है अभी तक मेकर्स की तरफ से किसी की कास्टिंग को कंफर्म नहीं किया गया है।

# रुसलान ट्रेलर: दाग मिटाना है तो यूनिफॉर्म पहननी ही पड़ेगी...

सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की नई फिल्म 'रुसलान' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो काफी पसंद किया जा रहा है। 'रुसलान' में आयुष शर्मा के खतरनाक एक्शन अवतार ने सलमान को भी हैरान कर दिया है। 'रुसलान' 26 अप्रेल को रिलीज होगी और इसमें सुनील शेट्टी, जगपति बाबू भी नजर आएंगे। सलमान खान के बहनोई और एक्टर आयुष शर्मा की नई फिल्म 'रुसलान' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो एकदम धांसू है। आयुष की पिछली फिल्म 'अंतिमः द फाइनल ट्रुथ' बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं पाई थी, लेकिन इस नई फिल्म से आयुष कहर ढाने आ गए हैं। 'रुसलान' में आयुष शर्मा न सिर्फ एक्शन करते नजर आएंगे, बल्कि उनका एक सीक्रेट रूप भी है, जो किसी को पता नहीं हैं। 'रुसलान' के ट्रेलर में आयुष शर्मा ताबड़तोड़ एक्शन सीन्स करते और मार-धाड़ करते नजर आ रहे हैं। Ruslaan के ट्रेलर की शुरुआत एक डायलॉग से होती है- हर इंसान अपनी जिंदगी में कोई तो जंग लड़ता है। मगर जब लड़ाई अपनी पहचान की हो, या तो वो सबकुछ हार जाता है या अपना नाम सबकी जुबां पर छोड़ जाता है। इसके बाद रुसलान के किरदार में आयुष शर्मा की दो जिंदगी दिखाई जाती हैं। एक म्यूजिक टीचर की और एक सीक्रेट अफसर की। फिल्म में जगपति बाबू भी हैं, जिनका किरदार भी छुपा हुआ दिखाया गया है, पर बाद में पता चलता है कि वह एक पुलिस अफसर हैं और रुसलान उनका बेटा है।




# रुपाली की भाषा सुन भड़के यूजर्स



टीवी सीरियल 'अनुपमा' टीआरपी की लिस्ट में टॉप पर बना हुआ है। लोग अनुपमा को उसकी सादगी और संस्कार की वजह से पसंद कर रहे हैं, लेकिन वही लोग अनुपमा का किरदार निभाने वालीं रुपाली गांगुली को उनके संस्कारों के लिए ट्रोल कर रहे हैं। क्यों? दरअसल, रुपाली गांगुली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रुपाली की भाषा सुन उनके फैंस दंग रह गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो रुपाली गांगुली के एक इंटरव्यू का है। रुपाली गांगुली ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया था। इस इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि ट्रोलिंग पर आप कैसे रिएक्ट करती हैं तब रुपाली ने हंसते हुए कहा, 'अरे बहुत ट्रोल करते हैं। ज्यादातर औरतें ही ट्रोल करती हैं। पता नहीं औरतों को इतना वेल्ला टाइम कहां से है। कोई एक डॉक्टर है गायनेक, वो गाली देती रहती है।

**पहली ही फिल्म से हिट हुई**

# रश्मिका मंदाना

नेशनल क्रश के नाम से मशहूर बॉलीवुड और साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना आज अपना 28वां जन्मदिन मना रही हैं। पिछला साल यानी 2023 उनके करियर सबसे बेहतरीन साल साबित हुआ। फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर के अपोजिट नजर आई थी जो कि सुपरहिट साबित हो गई है। इससे पहले रश्मिका फिल्म पुष्पा में श्रीवल्ली के रोल से फेमस हो चुकी है। आज एक्ट्रेस का 28वां जन्मदिन है, चलिए आपको रश्मिका की लाइफ के बारे मे कुछ अनसुने किस्से बताते हैं।



रश्मिका मंदाना की स्कूलिंग कुर्ग पब्लिक स्कूल, गोनिकोप्पल में हुई जो कि एक बोर्डिंग स्कूल था। उस दौरान वह काफी इंट्रोवर्ट थी, जिसके कारण उन्हें क्लासमेट्स और सीनियर्स के साथ घुलने-मिलने में परेशानी होती थी। इस वजह से वह दुखी होकर कमरों में घंटो तक रोती थी

ग्रेजुएशन के दौरान रश्मिका ने क्लीन एंड क्लियर फ्रेश फेस 2014 कॉन्टेस्ट जीता था, जिसके बाद उन्होंने मॉडलिंग करना शुरु कर दिया। इसी दौरान फिल्मेकर्स की उन पर नजर पड़ी और उन्हें फिल्म किरिक पार्टी का ऑफर मिला। पहली फिल्म में काम करने से रश्मिका ने मना कर दिया था। इसके बाद उनके पेरेंट्स ने एक्ट्रेस का हौसला बढ़ाया तो वह मन गई। एक इंटरव्यू में रश्मिका ने बताया कि, जब उन्होंने किरिक पार्टी साइन की तो मैंने सोचा कि सिर्फ एक ही फिल्म अगर नहीं चली तो वह घर वापस लौट जाएगी और पापा का बिजनेस संभाल लूंगी। किरिक पार्टी के बाद रश्मिका का करियर चमक उठा था। इसके बाद उन्हें अंजनिपुत्र, चमक, चलो, गीता गोविंदम, यजमान, सरिलेरु नीकेवारु, भीष्म, पोगारू, सुल्तान, सीता रामण और वरिसु जैसी हिट फिल्में दी।

> **रश्मिका मंदाना कई तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। पुष्पा द राइज़ में श्रीवल्ली के किरदार ने अभिनेत्री को प्रसिद्धि दिलाई। एक्ट्रेस ने सात साल में 13 हिट फिल्में दी हैं।**

साल 2020 रश्मिका के लिए बेहद खास था क्योंकि गूगल ने उन्हें नेशनल क्रश घोषित किया था। नेशनल क्रश शब्द लिखने पर रश्मिका का ही फोटो गूगल पर नजर आता है। वहीं एक्स पर भी रश्मिका मंदाना का नाम ट्रेंड करता रहता है। बता दें कि, एनिमल मूवी में छोटे रोल मे नजर आई तृप्ति डिमरी की पॉपुलैरिटी उन पर भारी पड़ गई। तृप्ति की खूबसूरती और एक्टिंग के लोग दीवने हो गए और उन्हें नई नेशनल क्रश कहने लगे। हालांकि, रश्मिका की पॉपुलैरिटी अभी से सोशल मीडिया पर खूब है।



# विपक्षी दलों के दुष्प्रचार का मजबूती से दें जवाब : सुधांशु त्रिवेदी

## राष्ट्रीय प्रवक्ता ने सोशल मीडिया मीट में दिये खास टिप्स

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा भाजपा द्वारा सोशल मीडिया मीट का आयोजन किया गया कैलाश सभागार सेक्टर 27 में किया गया। इस मीट में राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने की।





सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि विपक्षी दलों और असामाजिक तत्वों की ओर से सोशल मीडिया पर सरकार व भाजपा के खिलाफ फैलाए जाने वाले दुष्प्रचार के जवाब हम सब को मजबूत साक्ष्य के साथ करारा जवाब देना चाहिए। आज सोशल मीडिया के माध्यम से देश के हर युवा को अपनी बात रखने की स्वतंत्रता मिलती है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज भाजपा और डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में इतना काम कर दिया है कि विपक्ष के पास इसका कोई जवाब नहीं। उसके बाद भी यदि विपक्षी विकास के मुद्दे पर भ्रम फैलाएं तो जवाब में एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट के वीडियो आप सोशल मीडिया पर डाल सकते हैं। यदि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर आरोप लगाएं तो काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की वीडियो चला सकते हैं । पर सोशल मीडिया पर हम सभी को अपने जवाब में मर्यादा का ध्यान भी रखना है।

कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार सोशल मीडिया के तौर तरीके बदल रहे है उसी के अनुरूप अपडेट रहना पड़ेगा। आगामी दिनों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की प्रभावी भूमिका निर्वहन करेगी और हम सबको इसके लिए तैयार रहना है।

सोशल मीडिया मीट में क़रीब 500 वॉलंटियर्स रहे। कार्यक्रम में महामंत्री उमेश त्यागी, विधानसभा संयोजक गणेश जाटव, हर्ष चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, सोशल मीडिया संयोजक शिवांश श्रीवास्तव, चंद्रमणि शर्मा, मंडल अध्यक्ष लोकेश कश्यप, उमेश यादव, ओमवीर अवाना, राम निवास यादव, अहसान, ख़ान, रचना जैन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र

# 19 का नामांकन निरस्त अब 15 प्रत्याशी लड़ेंगे चुनाव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 13, गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक 19 आवेदकों को निराशा हाथ लगी है। पर्चा भरने वाले कुल 34 आवेदकों में से केवल 15 के नामांकन हर प्रकार से सही पाए गए हैं। हालांकि नाम वापसी में तीन दिन शेष हैं और उसके बाद ही चुनाव लड़ने वाले अंतिम प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो पाएगी।




जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा 28 मार्च से 4 अप्रैल तक नाम निर्देशन की प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की गई। इस दौरान चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों को नामांकन प्रपत्र जारी और स्वीकार किए गए।कुल 46 लोगों ने प्रपत्र लिए,34 ने जमा किए। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा पूरी नामांकन प्रक्रिया के दौरान स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने नामांकन में आने वाली किसी भी प्रकार की कठिनाई को दूर कराया। इसके बावजूद अपूर्ण और विधिवत रूप से न भरे गए 19 नामांकन पत्रों को जांच के दौरान खारिज कर दिया गया। इससे पहले प्रत्याशियों को उनके नामांकन प्रपत्र में पायी गई कमियों से अवगत कराया गया।

सही पाए गए नामांकन पत्रों में तीन प्रत्याशी क्रमशः डॉ महेंद्र नागर समाजवादी पार्टी, डॉ महेश शर्मा भाजपा और राजेन्द्र सिंह सोलंकी बसपा पंजीकृत और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से हैं। आठ प्रत्याशी गैर मान्यता प्राप्त किंतु पंजीकृत राजनीतिक दलों से हैं जबकि चार अन्य प्रत्याशी हैं। इनमें एक मुस्लिम प्रत्याशी भी है। आगामी 8 अप्रैल तक नाम वापसी की जा सकती है। तत्पश्चात शेष प्रत्याशियों के बीच मतदान के लिए जिला प्रशासन तैयारी प्रारंभ करेगा। इस बीच जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रत्याशियों द्वारा चुनाव में विभिन्न मदों में खर्च करने की दरें निर्धारित कर दी हैं। इनमें बहुत सी वस्तुओं और सेवाओं की दरें वास्तविक बाजार मूल्य से भिन्न हैं। इससे प्रत्याशियों के समक्ष चुनाव खर्च को व्यवस्थित करने में समस्या हो सकती है।

उधर जिला प्रशासन ने इस बार अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए कमर कस ली है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आज सूरजपुर क्षेत्र में 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' स्लोगन के साथ सैकड़ों स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, अध्यापकों और अधिकारियों द्वारा रैली निकाली गई।

# चौड़ा रघुनाथपुर में हुआ डा. महेश शर्मा का भव्य स्वागत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने तथा अधिकाधिक मतदान के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने तूफानी अभियान छेड़ दिया है। इसी के तहत हर गांव में भाजपा प्रत्याशी को रिकार्ड मतों से जिताने के लिए ग्रामीण लामबंद हैं। इसी कड़ी में कल आगाहपुर, बरौला, चौड़ा रघुनाथपुर समेत कई गांवों में लोगों ने डा. महेश शर्मा का जमकर स्वागत किया।





चौड़ा रघुनाथपुर में पं. त्रिलोक शर्मा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने यहां से अधिक संख्या में मतदान कराकर डा. महेश शर्मा को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया।

इस मौके पर डा. महेश शर्मा का प्रसिद्ध समाजसेवी त्रिलोक शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा, गुलशन शर्मा, गुलशन शर्मा, मूलचंद शर्मा, करतार शर्मा ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर त्रिलोक शर्मा ने कहा कि वे यहां से डा. महेश शर्मा को रिकॉर्ड मतदान से जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।


इसके बाद डा. महेश शर्मा इसी गांव में वरिष्ठ समाजसेवी पं. कालीदास शर्मा के आवास पर पहुंचे। यहां पर कालीदास शर्मा ने डा. महेश शर्मा का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कालीदास शर्मा ने डा. महेश शर्मा को आश्वासन दिया कि वे गांव से अधिकाधिक मतदान करवाकर उनको रिकॉर्ड मतों से जिताने में पूरी ताकत झोंक देंगे। इस मौके पर भागवत शर्मा, राहुल शर्मा, अमित शर्मा, सुमित शर्मा, अंकुर शर्मा, अंशुमन शर्मा,आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सतबीर गुर्जर, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महानगर के पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा नेता रविकांत मिश्रा, भाजयुमो अध्यक्ष रामनिवास यादव, विपुल शर्मा, चन्दगीराम यादव, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमवीर अवाना, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# यूपी का टॉप-10 लिस्ट में शामिल बदमाश नोएडा पुलिस की गोली से घायल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल माफिया रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य को नोएडा पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाश पर गैंगस्टर, हत्या का प्रयास तथा रंगदारी मांगने जैसे संगीन अपराधिक मामले दर्ज हैं।





स्वॉट टीम व थाना ईकोटेक-1 पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुख्यात माफिया रणदीप भाटी गैंग के बदमाश इलाके में सक्रिय हैं। सूचना पर पुलिस ने चैकिंग शुरू कर दी। विनोद भाटी गोल चक्कर पर पुलिस ने एक वर्ना कार को चेकिंग के लिए रोका, लेकिन कार चालक भाग निकला। पुलिस ने उसका पीछा किया तो बदमाश गाड़ी से उतरकर सिरसा गोल चक्कर से डाढा गोल चक्कर जाने वाले सर्विस रोड पर भागने लगा। पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी। पकड़े गए बदमाश मनोज उर्फगुडडू रिठौरी पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम रिठौरी थाना दादरी पुलिस की गोली से घायल हो गया। जिसके कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1
Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

# सीईओ ने दो सफाई पर्यवेक्षकों को किया निलंबित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाये जाने पर जन स्वास्थ्य विभाग के सफाई पर्यवेक्षक गोपाल कृष्ण शर्मा तथा जगपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

मालूम हो कि 28 मार्च को नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल समेत कई अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। इस दौरान अधिकारियों ने सेक्टर-8, 11, 12, 22, 55, 56, 57, 58, 59, 62, 70, खोडा रोड, एमपी रोड नं0-1, सेक्टर-51, 56 चौराहा, सेक्टर 12-22 चौराहा आदि विभिन्न इलाकों का दौरा करके सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया था। इस दौरान कई जगह सफाई व्यवस्था व्यवस्थित नहीं पाई गई तथा गंदगी देखी गई। जिन इलाकों में गंदगी पाई गई तथा लापरवाही मिली वहां की जिम्मेदारी सफाई पर्यवेक्षक गोपाल कृष्ण शर्मा व जगपाल सिंह को दी गई थी। सीईओ डॉ लोकेश एम ने तत्काल प्रभाव से सफाई पर्यवेक्षक गोपाल कृष्ण शर्मा व जगपाल सिंह को निलंबित कर दिया है। सीईओ के इस आदेश के बाद से नोएडा प्रकरण खास तौर पर जन स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मियों तथा सफाई कर्मचारियों में हड़कंप बचा हुआ है।

# अर्थव्यवस्था में डिजिटल क्रांति की अहम भूमिका : डा. अमिता देव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेसिंस साइंसेस द्वारा ''फॉरेसिंक, सुरक्षा एंव कानून'' विषय पर प्रथम अंतराष्टीय सम्मेलन (आईसीएफएसएल 2024) का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्नीकल यूनिवर्सिटी फॉर वूमेन की वाइस चांसलर डा अमिता देव, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एमिटी विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की डीन डा सुनिता रतन और आईसीएफएसएल 2024 के संयोजक एंव एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेसिंस साइंसेस की एसोसिएट प्रोफेसर डा अमरनाथ मिश्रा द्वारा किया गया।




सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्नीकल यूनिवर्सिटी फॉर वूमेन की वाइस चांसलर डा अमिता देव ने कहा कि वर्तमान डिजिटल समय में हमें ना केवल भौतिक क्षेत्र में बल्कि साइबर क्षेत्र में भी स्वंय को सुरक्षित रखना जरूरी है। आज ई कामर्स, यूपीआई लेनेदेन सभी क्षेत्रों में देश तेजी से बढ़ रहा है और देश की बढ़ रही अर्थव्यवस्था में डिजिटल क्षेत्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इसलिए स्वंय को साइबर क्षेत्र में सुरक्षित करने के लिए चुनौतियों के नवाचार हल खोजने होगें और आपसी सहयोग को विकसित करना होगा। डा देव ने कहा कि एम्स अस्पताल सहित कई उदाहरणों के साथ बताया कि किस तरह साइबर हमले से लोगों की निजी जानकारी चोरी की गई।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि उभरती हुई प्रौद्योगिकीयों के साथ नई जटिलताओं और चुनौतियां आई है जिसके निवारण मे फॉरेसिंक सांइस महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस प्रकार के सम्मेलन में आये प्रतिभागियों को विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा कि वर्तमान में क्षेत्र की अपेक्षायें क्या है और उन्हे सफल होने के लिए किस प्रकार के कौशलों को स्वंय के अंदर विकसित करना चाहिए।

